NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/75/21

Date : 8.6.2021

श्रीमान प्रधान मुख्य इंजीनियर
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– रेल आवासो के रख–रखाव के लिये कर्मचारियों के आवासो का जोन और सर्विस बिल्डिंग तथा अधिकारियों के आवासो का जोन अलग–अलग करना।

संदर्भ :–(1) NCRES का पी.एन.एम. मद संख्या 5/9/14
(2) NCRES का पत्र संख्या 189/NCRES/19 दिनांक 9.7.2019
(3) NCRES का पी.एन.एम. बैठक दिनांक 25/26 फरवरी 2020 का प्रारम्भिक भाषण
(4) NCRES का पत्र संख्या 259/NCRES/20 दिनांक 18.11.2020

महोदय,

अवगत कराना है कि सर्विस बिल्डिंग व अधिकारी आवास एवं ग्रुप ''सी'' एवं ''डी'' कर्मचारियों के आवासो के रख–रखाव का जोन वर्क एक होने के कारण जोन के धन का अधिकांश हिस्सा सर्विस विल्डिंग व अधिकारी आवास में खर्च कर दिया जाता है जिससे ग्रुप ''सी'' एवं ''डी'' कर्मचारी के आवासो के मरम्मत आदि का कार्य नही हो पाता, जिससे कर्मचारी व उनका परिवार दयनीय आवासो में रहते हुये तनाव में ड्यूटी करने के लिये बाध्य होते है जो कि संरक्षा के दृष्टिकोण से उचित नही है।

यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 23/24.9.2015, 3/4.8.2016, 27/28.2.2018 और 4/5.7.2018 की PNM बैठक में चर्चा के बाद हमेशा आश्वासन दिया गया कि सर्विस बिल्डिंग और अधिकारी आवासो के जोन वर्क को कर्मचारियों के आवासो के जोन वर्क से अलग किया जायेगा लेकिन कोई प्रगति नही हुई। इसके बाद पुनः दिनांक 23/24 जनवरी 2019 के PNM बैठक में विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिया गया कि सर्विस विल्डिंग व अधिकारियो के आवास का जोन व कर्मचारियों के आवासो का जोन अलग–अलग किया जायेगा और मद समाप्त कर दिया गया।

दिनांक 23/24 जनवरी 2019 के PNM बैठक के जारी मिनट्स दिनांक 8.2.2019 के पेज नं0 21 पर आइटम नं0 5/9/2014 की निम्न टिप्पणी दर्ज है –

''इलाहाबाद एवं आगरा मण्डल को मुख्यालय से निर्देश दिया जायेगा कि पुर्नवितरण इस आधार पर किया जाये कि सर्विस बिल्डिंग, अधिकारी आवास एवं कर्मचारी आवास के लिये अलग–अलग प्रावधान किया जाये। इंस्टीट्यूट एवं क्लब सर्विस बिल्डिंग के वर्ग में रखे जायें। मद समाप्त।''

खेद के साथ अवगत कराना पड़ रहा है कि दिनांक 23/24 जनवरी 2019 की बैठक में हुये निर्णय पर भी कोई प्रगति नही हुई तो दिनांक 25/26 फरवरी 2020 के पी.एन.एम. बैठक के प्रारम्भिक भाषण के समय महाप्रबंधक महोदय के समक्ष कर्मचारियों के आवास के रख–रखाव का मुद्दा उठाकर आवासो की स्थिति के बारे में विस्तार से बताया गया तब GM महोदय ने जोन वर्क अलग करने के लिये पूर्व PCE से कहा था। NCRES के द्वारा लगातार प्रयास करने पर Executive Engineer/Gen. के पत्र सं0 229-W/2/NCR/MISC/Works दिनांक 27.11.2020 द्वारा प्रयागराज और आगरा मण्डल द्वारा प्रगति रिपोर्ट मांगी गई लेकिन मण्डल द्वारा भेजी गई प्रगति रिपोर्ट की प्रति NCRES को अभी तक नही दिया गया।

NCRES का अनुरोध है कि यदि प्रयागराज व आगरा मण्डल द्वारा प्रगति रिपोर्ट प्रधान कार्यालय भेजा गया हो तो उसकी प्रति NCRES को दी जाय अथवा त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये ग्रुप "सी" व "डी" कर्मचारियों के आवासो के उचित रख–रखाव हेतु, कर्मचारियों के आवासो का जोन सर्विस बिल्डिंग व अधिकारी आवासो के जोन से अलग करने के लिये उचित आदेश करने का कष्ट करें जिससे कर्मचारियों के आवासो का उचित देखभाल सम्भव हो सके व वे तनाव रहित ड्यूटी करने में समर्थ हो सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री